# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27-6-26 | | |

## रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में चयन



**हिसार|** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का चयन उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एलएलसी में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर हुआ है। विश्वविद्यालय के अनुसार चयनित छात्र को 13,000 अमेरिकी डॉलर का वार्षिक वेतन मिलेगा। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विदेश की प्रतिष्ठित निजी कंपनी में चयन विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है, और यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 27.6.26 | 12 | 2-3 |

# उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ हकृवि के छात्र रमनदीप का चयन



■ 13 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेगा वार्षिक वेतन

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एलएलसी में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13 हजार अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि विदेश में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में छात्र का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है। रमनदीप की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों की और अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इंडोरामा एग्रो एलएलसी एक अंतरराष्ट्रीय अग्रणी कंपनी है, जो विभिन्न देशों में खाद्य उत्पादों के निर्यात के क्षेत्र में कार्यरत है। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल इस कंपनी में छह विद्यार्थी इंटर्नशिप करने गए थे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27.6.26 | 5 | 5-6 |

# हकृवि के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ चयन

## 13,000 अमरीकी डॉलर मिलेगा वार्षिक वेतन

हिसार, 26 जून (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को कैंपस प्लेसमैंट हेतु आमंत्रित करने के निरंतर प्रयास कर रहा है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि विदेश में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में छात्र का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है। रमनदीप की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों की और अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्लेसमैंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. एक अंतर्राष्ट्रीय अग्रणी कंपनी है, जो विभिन्न देशों में खाद्य उत्पादों के निर्यात के क्षेत्र में कार्यरत है। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल इस कंपनी में छः विद्यार्थी इंटर्नशिप करने गए थे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी व अन्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 27.6.26 | 5 | 7-8 |

# रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में चयन



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी व अन्य। स्रोत : आयोजक

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के छात्र रमनदीप का चयन उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एलएलसी में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर हुआ है। चयनित छात्र को 13 हजार अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन मिलेगा। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट के लिए लगातार आमंत्रित कर रहा है। प्रो. कांबोज ने कहा कि विदेश में प्रतिष्ठित कंपनी में चयन विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 27.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ चयन

## 13,000 अमेरिकी डॉलर मिलेगा वार्षिक वेतन




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 27 जून :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित करने के निरंतर प्रयास कर रहा है। प्रो. काम्बोज ने बताया कि विदेश में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में छात्र का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है। रमनदीप की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों की और अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. एक अंतरराष्ट्रीय अग्रणी कंपनी है, जो विभिन्न देशों में खाद्य उत्पादों के निर्यात के क्षेत्र में कार्यरत है। सह-छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल इस कंपनी में छः विद्यार्थी इंटर्नशिप करने गए थे। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश गोयल व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 26.06.2026 | ----- | ---- |

# हकृवि के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ चयन



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित करने के निरंतर प्रयास कर रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने तथा विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 26.06.2026 | ----- | ---- |

# विकसित भारत के निर्माण में समाज, संस्थान और प्रशासन की भूमिका जरूरी : विनय दीक्षित

## हकृवि में 'भारत 2047: व्यक्ति निर्माण' विषय पर संगोष्ठी आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 26 जून : पंचनद शोध संस्थान द्वारा 'भारत 2047: व्यक्ति निर्माण' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अखिल भारतीय प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय सह-संयोजक विनय दीक्षित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि जीजेयू के वरिष्ठ अर्थशास्त्री प्रो. नरेंद्र कुमार बिश्नोई प्रस्तोता के रूप में मौजूद रहे। राष्ट्रीय सह-संयोजक विनय दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में प्रशासन, संस्थान और समाज की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। प्रशासन सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन का आधार बनता है। संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा कौशल विकास के माध्यम से राष्ट्र की बौद्धिक और आर्थिक शक्ति को सुदृढ़ करते हैं। वहीं समाज नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों और जनभागीदारी के द्वारा विकास की प्रक्रिया को गति प्रदान करता है। इन तीनों स्तम्भों के समन्वित प्रयासों से ही आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति निर्माण का अर्थ केवल शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास से है, जिसमें ज्ञान, चरित्र, अनुशासन, संवेदनशीलता, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और नैतिकता का समावेश हो। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता ऐसे युवाओं की है जो केवल अपने व्यक्तिगत हितों के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी सोचें तथा कार्य करें।

**परिवार संस्कार, स्कूल आधार, विश्वविद्यालय दिशा और समाज अवसर देता है: प्रो. काम्बोज**

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि परिवार हमें संस्कार, स्कूल आधार, विश्वविद्यालय दिशा और समाज अवसर देता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। तकनीकी क्रांति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के वर्तमान युग में भारत के युवाओं के सामने असीमित अवसर उपलब्ध हैं। इन अवसरों का लाभ वही उठा सकेगा जिसके भीतर आत्मविश्वास, नैतिकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना होगी।

अर्थशास्त्री प्रो. नरेंद्र कुमार बिश्नोई ने कहा कि यदि भारत का प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे, अपने व्यक्तित्व का निरंतर विकास करे तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे, तो वर्ष 2047 का भारत केवल विकसित ही नहीं, बल्कि विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बनेगा। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में व्यक्ति निर्माण की भूमिका, सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मंच संचालन पंचनद शोध संस्थान, अध्ययन केन्द्र, हिसार के सचिव डॉ. मोहित कुमार ने किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य ने पारित किया। संगोष्ठी में पंचनद शोध संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. जगबीर सिंह, पंचनद शोध संस्थान के संरक्षक ज्ञानचंद बंसल, महिला आयाम की प्रमुख डॉ. मुदिता वर्मा, कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं संस्थान के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 27.6.26 | 4 | 1-2 |

## हकृवि के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान की कंपनी में हुआ चयन



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ चयनित विद्यार्थी व अन्य*

हिसार, 26 जून (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र रमनदीप का उज्बेकिस्तान स्थित इंडोरामा एग्रो एल.एल.सी. में फील्ड ऑपरेशन लीड (जोनल मैनेजर) पद पर चयन हुआ है। चयनित छात्र को 13,000 अमेरिकी डॉलर वार्षिक वेतन दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने रमनदीप को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित करने के निरंतर प्रयास कर रहा है।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि विदेश में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी में छात्र का चयन होना विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है।

रमनदीप की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसरों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करेगी।